
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 148 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**मुंह पर मास्क लगाए स्कूल जाते बच्चे




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 11 सितंबर 2020




मौसम — अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

38250.51

2 ड्रैगन को घेरने में मदद करे भारत

7 बुमराह ने नहीं मानी थी धोनी की बात

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश के नेतृत्व में बेहतर कामः पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा अभी नहीं की है, लेकिन सभी दल इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। गत विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी भारतीय जनता पाटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहारे है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री इस बार भी बीते चुनाव की तरह ही रैलियां करेंगे। इनमें छह तो चुनाव की घोषणा से पहले संपन्ध्न होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज 294 करोड़ रुपयों की योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को भी चुनावी सौगात माना जा रहा है।

### रघुवंश प्रसाद ने आरजेडी से दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को तगड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता रघुवंश प्रसाद ने आरजेडी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। एम्स में इलाज करा रहे रघुवंश प्रसाद ने आरजेडी से इस्तीफा देने की घोषणा की है। रघुवंश प्रसाद पार्टी के सभी पदों से पहले ही दे चुके हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। हालत नाजुक होने पर उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है।

### अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगी रिया, फैसला रखा गया सुरक्षित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। दिवगंत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग मामले में गिरफ्तार अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को बुधवार को भायखला जेल भेज दिया गया। वहीं, गुरूवार को रिया चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर मुंबई की विशेष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। शोविक चक्रवर्ती, रिया चक्रवर्ती, अब्दुल बासित, जैद विलात्रा, दिपेश सावंत और सैमुअल मिरांडा की जमानत याचिका पर अदालत ने अपना फैसला आज तक के लिए सुरक्षित रखा है।

# राफेल का शानदार स्वागत

## रक्षामंत्री ने भारत के दुश्मनों को दी चेतावनी

■राफेल औपचारिक रूप से वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े में शामिल हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अंबाला। सर्व धर्म पूजा के बाद राफेल लड़ाकू विमान औपचारिक रूप से भारतीय वायुसेना में शामिल हो गया है। राफेल अंबाला एयरबेस पर 17 स्कवॉड्रन गोल्डन ऐरोजश में शामिल किया गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षामंत्री फ्लोरेंस पार्ले की मौजूदगी में राफेल वायुसेना में शामिल हुआ। भारत–चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के बीच भारत के लिए इस उपलब्धि को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राफेल के भारतीय वायुसेना में शामिल होने के बाद दुश्मनों के खिलाफ बड़ी बढ़त के तौर पर देखा जा रहा है।

**तेजस ने आसामान में दिखाया अपना पराक्रमः** देश में निर्मित तेजस लड़ाकू विमान ने अपना करतब दिखाया। अंबाला एयरबेस तेज की उड़ान से रोमांचित हो गया। वहां बैठे गणमान्य अतिथियों ने ताली बजाकर तेज की उड़ान का स्वागत किया।

**हेलीकॉप्टर सारंग ने भी दिखाए करतबः** रंग–बिरंगे हेलीकॉप्टर सारंग ने भी राफेल के भारतीय वायुसेना में शामिल होने का जश्न मनाया और अपना करतब दिखाया।

**एयर शो में सुखोई, जगुआर और तेज ने भी लिया भागः** राफेल के भारतीय वायुसेना में शामिल होने के बाद हुए एयर शो में सुखोई, जगुआर, देश में निर्मित स्वदेसी तेजस जैसे लड़ाकू विमान शामिल हुए। तेजस की उड़ा ने सबको प्रभावित किया।

**राफेल के लिए हुई सर्व धर्म पूजाः** 5 धर्मों के धर्मगुरुओं ने राफेल को वायुसेना में पूरे पूजा पाठ के साथ शामिल कराया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, फ्रांस की रक्षा मंत्री, सीडीएस बिपिन रावत, एयरफोर्स चीफ भदौरिया इस मौके पर मौजूद रहे।

**पूजा के साथ राफेल वायुसेना में हुआ शामिलः** फ्रांस की रक्षामंत्री फ्लोरेंस पार्ली और भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अंबाला के लिए रवाना हुए। इससे पहले फ्रांस की रक्षामंत्री को भारत आगमन पर पालम हवाईअड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भारत ने 59,000 करोड़ रुपये की लागत पर 36 लड़ाकू विमान खरीदने के लिए करीब चार साल पहले फ्रांस के साथ एक अंतर सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### राफेल को वाटर कैनन से दी गई सलामी

अंबाला एयरबेस पर राफेल लड़ाकू विमान को वाटर कैनन से सलामी दी गई। सभी 5 राफेल विमान को दी गई सलामी। फ्लाईपास्ट के शुरू होने के साथ ही 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान राफेल आसमान में करतब भी दिखाया। बता दें कि भारतीय वायुसेना में 5 राफेल लड़ाकू विमान शामिल हुए हैं।



### राजनाथ ने फ्रांस की रक्षा मंत्री से की संक्षिप्त बातचीत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर बृहस्पतिवार को यहां अपनी फ्रांसीसी समकक्ष फ्लोरेंस पार्ली के साथ संक्षिप्त बातचीत की। पार्ली भारतीय वायु सेना में राफेल विमान की पहली खेप को औपचारिक रूप से शामिल करने के लिए अम्बाला में आयोजित समारोह का हिस्सा बनने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर पहुंचीं। इसके कुछ ही देर बाद दोनों नेताओं के बीच पालम स्थित वायु सेना के अड्डे पर बातचीत हुई। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री को हवाईअड्डे पर रस्मी गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। समारोह के बाद सिंह और पार्ली के बीच अम्बाला में विस्तृत वार्ता हुई।

# कोरोना वैक्सीन की उम्मीदों को बड़ा झटका

## भारत में सीरम इंस्टिट्यूट ने भी ट्रायल रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविड–19 वैक्सीन कोविशील्ड का ट्रायल रोक दिया है। देशभर में 17 अलग–अलग जगहों पर इस टीके का परीक्षण हो रहा था। कंपनी ने एक बयान में कहा, हम स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और अस्त्राजेनेका के ट्रायल शुरू करने तक भारत में ट्रायल रोक रहे हैं। हम ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया के निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

कंपनी ने यह फैसला ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से नोटिस पाने के बाद लिया। DCGI ने सीरम इंस्टिट्यूट से पूछा था कि उसने यह क्यों नहीं बताया कि अस्त्राजेनेका ने इस वैक्सीन का ट्रायल रोक दिया है। अस्त्राजेनेका ने ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स के साथ मिलकर यह वैक्ससीन बनाई है। DCGI ने नोटिस में कहा कि SII ने वैक्सीन के सामने आए गंभीर प्रतिकूल प्रभावों के बारे में अपना एनालिसिस भी उसे नहीं सौंपा।

DCGI ने लगाई थी कड़ी फटकार कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए DCGI ने कहा कि सीरम इंस्टिट्यूट ने वैक्ससीन ट्रायल को लेकर ताजा अपडेट उसे नहीं दी। DCGI डॉ वीजी सोमानी ने नोटिस में फौरन जवाब देने को कहा है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी जवाब नहीं देती तो यह मान लिया जाएगा कि उसके पास सफाई में कहने को कुछ नहीं है और फिर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**भारत में अभी शुरू ही हुआ था ट्रायलः** भारत में पिछले महीने ऑक्ससफर्ड वैक्ससीन के फेज 2 और 3 ट्रायल को मंजूरी दी गई थी। सीरम इंस्टिटयूट ने अस्त्राजेनेका के साथ कोविड–19 टीके की एक अरब डोज बनाने की डील कर रखी है। वही इस वैक्सीन का भारत में क्लिनिकल ट्रायल कर रही है। अबतक देश में करीब 100 लोगों को यह टीका लगाया जा चुका है।

### सीरम इंस्टिट्यूट ने जारी रखा था ट्रायल



अस्त्राजेनेका के ट्रायल रोकने का ऐलान करने के बावजूद सीरम इंस्टिट्यूट ने ट्रायल जारी रखने की बात कही थी। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा था, ''ब्रिटेन में चल रहे ट्रायल के बारे में हम कुछ ज्यादा नहीं कह सकते हैं।'' सीरम इंस्टिट्यूट ने कहा कि जहां तक भारत में चल रहे ट्रायल की बात है, यह जारी है और इसमें कोई समस्या सामने नहीं आई है।

# कोर्ट का आदेश दिया 22 तक न तोड़ें, न कुछ जोड़ें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**


मुबंई। कंगना की बीएमसी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई होनी थी, जिसे हाई कोर्ट ने 22 सितंबर तक टाल दिया गया है। कोर्ट ने कंगना के वकील से कहा है कि उन्होंने याचिका जल्दबाजी में दाखिल कर दी है। कहा है कि वक्त लेकर इसको अच्छी तरह फाइल करें। वहीं गुरुवार सुबह कंगना की बहन रंगोली ऑफिस का जायजा लेने पहुंची थीं। दोपहर बाद कंगना अपना दफ्तर देखने पहुंचीं। सपनों के ऑफिस का हाल देख कंगना काफी मायूस नजर आ रही थीं।

कंगना बुधवार को मुंबई पहुंचने के बाद गुरुवार को पहली बार से घर से निकलीं और सीधे दफ्तर पहुंचीं। इस दौरान दफ्तर का हाल देखकर वह जाहिर तौर पर निराश दिखीं। कंगना गाड़ी से उतरकर सीधे दफ्तर के अंदर गईं और बारी–बारी ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकेंड फ्लोर पर गईं। इस दौरान दफ्तर के मलबे को देख उनकी आंखों में निराशा झलक रही थीं। करीब 15–20 मिनट वहां रुकने के बाद कंगना सीधे अपनी गाड़ी में बैठीं और बिना कुछ बोले घर की ओर रवाना हो गईं।

**कंगना के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सीएम के अपमान का आरोप** इसी बीच कंगना रनौत के खिलाफ विक्रोली थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। आरोप है कि कंगना ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। शिकायत में कंगना के ट्वीट्स भी अटैच किए गए हैं। शिकायत में कंगना के वीडियो का जिक्र है।

### कंगना केस

दफ्तर का हाल देख निराश हुईं कंगना रनौत




**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पैंगोंग शो झील के फिंगर 4 में भी भारत का ऐक्शन

भारतीय सेना ने फिंगर 4 इलाके में भी बनाई पैठ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लेह। पैंगोंग शो झील के दक्षिणी तट पर 29–30 अगस्त को चीनी सैनिकों को दूर तक खदेड़कर चोटियों पर मजबूत बढ़त बनाने वाली भारतीय सेना के अब पैंगोंग के उत्तरी किनारे के फिंगर 4 के इलाके में भी पैठ बनाने की खबरें आ रही हैं। बता दें कि इस समय वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच स्थिति काफी तनावपूर्ण है।

सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि भारत ने अब फिंगर 4 इलाके में भी अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बता दें कि यह वही इलाका है जहां चीनी सैनिक बड़ी तादाद में घुस आए थे। सूत्रों ने हालांकि साथ ही कहा कि चीनी सैनिक भी अभी फिंगर 4 के रिजलाइन इलाके में बने हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व लद्दाख में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे पर स्थिति तनावपूर्ण है। रेजांग ला में PLA के करीब 30–40 सैनिक एक भारतीय पोस्ट के करीब पोजिशन लेकर बैठे हैं। दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच चुका है।